कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.09.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

# रजत जयंती के अवसर पर गोदग्राम खपरी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय योजना इकाई द्वारा रजत जयंती समारोह के अवसर पर गोदग्राम खपरी में एक दिवसीय शिविर 'चल खपरी जाबो' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने शिविरार्थी छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिविर आदि के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के साथ समाज सेवा और देशभक्ति की भावना का विकास होता है। अतः समर्पित होकर ग्रामीण क्षेत्रों के शिविर में विशेष योगदान देना चाहिए। ग्राम सरपंच खपरी श्रीमती अनुसूईया साहू ने छात्राओं को कहा कि ग्रामीण विकास एवं जागरूकता अभियान में आप लोगों द्वारा किया गया कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे ग्रामीणों को प्रेरणा प्राप्त होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री जीवन लाल चन्द्राकर प्रधान पाठक खपरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में सद्भाव जागृत होता है। विद्यालय के बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा महाविद्यालय की छात्राओं को गांव में देखकर अपनी बेटियों की पढ़ाने की प्रेरणा ग्रामीणों में जागृत होती है। ग्राम के एक दिवसीय शिविर में छात्राओं द्वारा नशामुक्ति कविता पाठ एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। गांव में स्वच्छता जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता, नशामुक्ति पर रैली निकाली गई। हरियर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई की गई। इस अवसर पर ग्रामीण छात्र-छात्राओं द्वारा विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गीतिका, द्वितीय तामेश्वरी एवं प्रियंका तृतीय स्थान पर रहीं। कविता प्रतियोगिता में लोकेश्वरी साहू प्रथम, युवराज साहू द्वितीय एवं राधिका तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में किंजल निषाद प्रथम, युवराज साहू द्वितीय तथा ओमशंकर निषाद तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्राधनपाठक श्री भोजराम यादव एवं शिक्षकगण, गांव के उप-सरपंच श्री दिनेश साहू एवं पंचगण के साथ ग्रमवासी उपस्थित रहे। सांसद प्रतिनिधि श्री नारायण साहू, श्री चितरंजन साहू (एस. एम. सी. अध्यक्ष) उपस्थित रहे। शिविर में अनामिका, विमल यादव, विजय चन्द्राकर का विशेष योगदान रहा। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा श्रीमती ज्योति भरणे ने आभार व्यक्त किया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

रजत जयंती के अवसर पर गोदग्राम खपरी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन




